कार्यालय मुख्य अभियन्ता(जल–विद्युत)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0
तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार
14–अशोक मार्ग, लखनऊ।
दूरभाष 0522–2288656 फैक्स 0522–2288655

संख्या : 661–अनु0–प्रथम / गो0च0प0 / 16 दिनांक : नवम्बर 11 ,2016

विषय :– अवर अभियन्ताओं के वर्ष 2015–16 तक की गोपनीय चरित्र पंजिकायें उनके अवर अभियन्ता पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि सहित उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

1. प्रबन्ध निदेशक,
   पूर्वान्चल / पश्चिमांचल / मध्यांचल / दक्षिणांचल
   वि0वि0नि0लि0 / केस्को, वाराणसी / मेरठ / लखनऊ / आगरा / कानपुर।
2. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0
3. समस्त कारपोरेट कार्यालय (मुख्य अभियन्ता–ऊर्जा एवं लेखा), नियोजन, पी0पी0ए0, ई0टी0आई0, विद्युत सेवा आयोग, जॉच समिति, सी0एम0यू0डी0, रेस्पो सामग्री प्रबन्ध कम्प्यूटराइजेशन यूनिट, अधीक्षण अभियन्ता(जानपद) मुख्यालय, संयुक्त सचिव प्रशासन।

महोदय,

कृपया अवर अभियन्ताओं के वर्ष 2015–16 तक की वॉछित गोपनीय पंजिकाओं की सूची संलग्न करते हुए यह कहने का निदेश हुआ है कि उनके नाम के सम्मुख अंकित अवधि की लम्बित गोपनीय चरित्र पंजिकाएँ उनके अवर अभियन्ता पद पर कार्यभार ग्रहण की तिथि सहित इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें ताकि अवर अभियन्ताओं के अनिस्तारित मामले यथा स्थायीकरण / समयबद्ध वेतनमान एवं प्रोन्नति के मामले यथाशीघ्र विचारित किये जा सके।

उक्त के अतिरिक्त जिन अवर अभियन्ताओं के विरूद्ध यदि कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही चल रही हो तो उनका भी विवरण उपलब्ध कराने की कृपा करें।

अतः अनुरोध है कि कृपया अवर अभियन्ताओं की वर्ष 2015–16 तक की समस्त गोपनीय चरित्र पंजिकायें, अवर अभियन्ता पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तथा इनके विरूद्ध चल रहे अनुशासनात्मक कार्यवाही का विवरण दिनांक 20.11.2016 तक अवश्यमेव इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करने की कृपा करें।

सूचनीय है कि वॉछित गोपनीय चरित्र पंजिकाओं की उक्त संलग्न सूची अनन्तिम रूप से निर्गत की जा रही है। समस्त गोपनीय चरित्र पंजिकाओं की प्राप्ति के पश्चात अन्तिम सूची निर्गत किया जाना अपेक्षित है।

संलग्नक :– यथा उपरोक्त।

(बसंत राम)
वैयक्ति सहायक(पंचम)
कृते मुख्य अभियन्ता(जल–विद्युत)

क्रमशः....2

सं0 661–अनु0–प्रथम/ तद्दिनांक : नवम्बर 11 ,2016

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0।
2. मुख्य अभियन्ता(मां0सं0), जल–विद्युत निगम/उत्पादन निगम लि0।
3. समस्त परियोजनाओं के मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक।
4. समस्त अधीक्षण अभियनता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0।
5. अधिशासी अभियन्ता(वेब), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अवर अभियन्ताओं की गोपनीय चरित्र पंजिका पूर्ण करने हेतु संलग्न सूची के साथ इस पत्र को कारपोरेशन की वेब साइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(बसंत राम)
वैयक्ति सहायक(पंचम)
**कृते मुख्य अभियन्ता(जल–विद्युत)**

सं0 661–अनु0–प्रथम/ तद्दिनांक : नवम्बर 11 ,2016
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. प्रतिलिपि निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को सादर सूचनार्थ।

(बसंत राम)
वैयक्ति सहायक(पंचम)
**कृते मुख्य अभियन्ता(जल–विद्युत)**